राजस्थान–सरकार

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी आशीष मोदी (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या : 83/2023 प्रार्थना पत्र

उनवान

प्राधिकृत अधिकारी–पंजाब नेशनल बैंक, मंडल शस्त्रा विभाग, तृतीय तल, एलआईसी भवन सब सिटी, रेती स्टेण्ड, उदयपुर	बनाम	1. रोहित कुमार खटीक पुत्र सुरेश चन्द्र खटीक निवासी सांगानेरी गेट, बगीची रोड, खटीक पाडा, भीलवाड़ा 2. इन्द्रा देवी खटीक पत्नि सुरेश चन्द्र खटीक निवासी सांगानेरी गेट, बगीची रोड, खटीक पाडा, भीलवाड़ा
–– प्रार्थी		––अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002

प्राधिकृत अधिकारी– श्री शैलेन्द्र कुमार वर्मा।

न्यायालय जिला कलक्टर भीलवाड़ा (राज.)

निर्णय

दिनांक : 04-08.2023

प्राधिकृत अधिकारी–पंजाब नेशनल बैंक, मंडल शस्त्रा विभाग, तृतीय तल, एलआईसी भवन सब सिटी, रेती स्टेण्ड, उदयपुर की ओर से यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रस्तुत किया गया, जिसमें उपस्थित होकर निवेदन किया कि प्रार्थी के द्वारा अप्रार्थी को ऋण सुविधा प्रदान की गयी थी, जिसमें अप्रार्थी को 25,00,000/– रूपये का ऋण दिनांक 17.07.2019 को स्वीकृत किया गया। उक्त ऋण के पेटे में प्रतिभूति के बतौर भूमि व भवन जो अचल सम्पति – **रोहित कुमार खटीक पुत्र सुरेश चन्द्र खटीक के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति प्लॉट के पूर्वी हिस्से में जो आराजी नं. 1192/173 रकबा 1 बीघा में से 15 बिस्वा आबादी एवं 05 बिस्वा भूमि, श्री रामनगर, मंडपिया रेल्वे स्टेशन, गाँव गुवारड़ी, स्वरूपगंज, एनएच 79 के पास, तहसील हमीरगढ़ जिला भीलवाड़ा पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1560 वर्गफीट है, जिसकी सीमाएं उत्तर–तुलसी देवी रेगर का प्लॉट, दक्षिण–आम रोड, पूर्व–आमीन खान का मकान, पश्चिम–बंधक भूमि का शेष भाग है** (बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार) रहन रखी गयी। दिनांक 30.04.2023 तक कुल बकाया ऋण की राशि 25,87,487.66/– रूपये है। अप्रार्थी के द्वारा तयशुदा शर्तों के मुताबिक प्रार्थी द्वारा दिए गए ऋण का भुगतान नहीं किया गया।

उक्त ऋण राशि की अदायगी के लिए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत पंजीकृत नोटिस भेजा गया, परन्तु अप्रार्थी ने ऋण राशि की अदायगी नहीं की। प्रार्थी ने ऋणी के खाते को 28.11.2022 को नो परफोर्मिंग एसेट्स घोषित कर दिया है,